मेट्रो-3: रोलिंग स्टॉक के लिए ठेकेदार नियुक्त

■ **रिपोर्टर,मुंबई:** महानगर की भूमिगत मेट्रो लाइन-3(कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज) के निर्माण कार्य को रफ्तार मिल रही है। परियोजना के लिए गुरुवार को मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.(एमएमआरसीएल) ने रोलिंग स्टॉक के लिए ठेकेदार नियुक्त किए हैं। एमएमआरसीएल ने रोलिंग स्टॉक का ठेका कंस्टोरियम ऑफ एल्सटोम ट्रांसपोर्ट इंडिया लि. और एल्सटोम ट्रांसपोर्ट एस.ए फ्रांस को दिया है। जानकारी के अनुसार, मेट्रो-3 के लिए लगने वाले रोलिंग स्टॉक का निर्माण 75 प्रतिशत भारत में किया जाएगा। ताकि मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिल सके। ज्ञात हो कि वहीं एशियन डिवेलपमेंट द्वारा मेट्रो-2ए, मेट्रो-2बी और मेट्रो-7 के लिए मेक इन इंडिया की शर्तों को नकार दिया गया था।

31 मेट्रो रेक का होगा जिम्मा

उपरोक्त कंपनी पर मेट्रो-3 के अंतर्गत चलाई जाने वाले मेट्रो रेकों की आपूर्ति करनी होगी। एमएमआरसीएल के अनुसार, परियोजना के लिए शुरुआत में 31 रेकों के लिए ठेका दिया गया है। ठेकें के तहत कंपनी पर मेट्रो रेकों को बनाने से उनके परिचालन और सिगनलिंग तक का जिम्मा होगा।